STEP UP SCHOOL

SUS/23-24/June/09 27.06.23

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा

प्रिय अभिभावक ,

अति हर्ष के साथ हम आपको सूचित करते हैं , कि हमारा विद्यालय 'हिंदी उत्कर्ष मंडल' नई दिल्ली द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023-24' के आयोजन में भाग ले रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन,शुद्ध वर्तनी एवं भाषा व्याकरण संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ उनमें हिंदी भाषा के प्रति नव उमंग का संचार होगा ।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा । विद्यालय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेताओं को विशिष्ट उपलब्धि पत्र ,पदक ,ट्रॉफी व नकद पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा । इस प्रतियोगिता हेतु अपनी सहमति प्रदान कर हमें कृतार्थ करें ।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा 2023-24 से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी -

- परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन किया जाएगा |
- परीक्षा के लिए पंजीकरण विद्यालय से होगा ।
- आपसे अनुरोध है कि नीचे दिए पेटीएम लिंक का उपयोग करके अपना भुगतान करें - https://stepupschool.in/fee-structure/
- कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता एक ही चरण में आयोजित की जाएगी । कक्षा 3 से कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा ।
- 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023-24' के लिए कक्षा अनुसार निर्धारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाएगा ।
- प्रश्न-पत्र में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) होंगे ।
- प्रश्न- पत्र की समयावधि 1 घंटा होगी |
- 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022-23' से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ – www.globalhindiolympiad.com
- परीक्षा शुल्क ₹ 150 है | अभ्यास पुस्तिका शुल्क कक्षा 1 व 2 के लिए ₹ 100 तथा कक्षा 3 से कक्षा 8 के लिए ₹ 160 है ।

भवदीय

स्टेप अप स्कूल